>

Title: Alleged violation of norms by NCTE while recognizing B.Ed courses causing death of 12 Students due to mental and economic exploitation.

**डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान दो दिन पहले मेरे क्षेत्र अलवर में एक सड़क दुर्घटना में बी.एड. में पढ़ने वाली 12 छात्राओं की हुई दर्दनाक मौत की ओर दिलाना चाहता हूं...(व्यवधान)

MR. SPEAKER : There are important issues which the hon. Members would like to raise.

...(*Interruptions*)

**डॉ. करण सिंह यादव :** ये बच्चियां बी.एड. कालेज में पढ़ने के लिए अलवर शहर से बाहर जा रही थीं और एक सड़क दुर्घटना में इनकी मौत हो गई। मैं सदन के ध्यान में लाना चाहता हूं कि यह बी.एड. कालेज शहर से लगभग पचास किलोमीटर दूर ऐसे स्थान पर बना हुआ है, जहां पर न पूरी सड़क है, न कोई संसाधन हैं और न कोई आने-जाने का रास्ता है और वहां दो कमरों में चलने वाले कालेज को परमीशन दे दी गई, जहां पूरे शिक्षक तक नहीं हैं और इस संस्था के संस्थापक इस बात के लिए बच्चियों पर दबाव डालते हैं कि अगर आप पांच मिनट भी लेट आई तो आपको तीस रुपये प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना देना पड़ेगा। मैं सरकार का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि बी.एड. कालेज की जो संस्थाएं हैं, वे पैसा कमाने के लिए छात्रों का आर्थिक और मानसिक शोषण करती हैं। छात्राएं कालेज जाते समय इस दबाव में थीं कि कहीं अगर हम लेट हो गए तो हमें तीस रुपये जुर्माना देना पड़ेगा। इसलिए वे ड्राइवर से कह रही थीं कि जल्दी चलो, जल्दी चलो और रास्ते में इनकी मौत हो गई। मैं सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं कि मानव संसाधन मंत्रालय के अंतर्गत नेशनल काउंसिल ऑफ टैक्निकल एजूकेशन जब ऐसे कालेजों को प्रमाणिकता देता है तो वह इस बात को सुनिश्चित करे कि जहां भी बी.एड. कालेज खोले जाएं, वहां पर पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर हो[b8]। वहां पूरे शिक्षक हों, पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर हो और ऐसे लोगों को संस्थान नहीं दिये जाएं जहां बैठकर लोग पैसा कमाएं। मैं सदन का ध्यान इस ओर दिलाना चाहूंगा कि 12 बच्चों की मौत बेकार नहीं जाए, सरकार और एनसीटी इस मामले में पूरी जानकारी लें।...(व्यवधान) जिस संस्था में यह घटना हुई है, उस संस्था को पूरा दंड दें, उस संस्था को बंद कराएं और देश की अन्य संस्थाओं में भी इस तरह का परीक्षण करें, छापामारी करें तथा जानकारी हासिल करें। आपने इस महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाने के लिए मुझे समय दिया, उसके लिए मैं अपनी ओर से और अलवर की जनता की ओर से आपका बहुत-बहुत आभारी हूं।...(व्यवधान)

**श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार):** अध्यक्ष महोदय, हम एक महत्वपूर्ण बात उठाना चाहते हैं।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** हमने सोचा कि आप चले गये।

...(व्यवधान)

**श्री प्रभुनाथ सिंह :** चले तो गये थे, लेकिन फिर वापस आ गये।...(व्यवधान)